# बुंदेलखंड ने जीडीपी में लगाई बड़ी छलांग

■ अजित खरे


लखनऊ। जिला सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की ग्रोथ के मामले में बुंदेलखंड ने लंबी छलांग लगाई है। इस मामले में उसने पश्चिमी यूपी को पीछे छोड़ दिया है। पूर्वांचल तीसरे व मध्य यूपी चौथे स्थान पर है। हाल में जारी यूपी की जिला जीडीपी रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

बुंदेलखंड के झांसी में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में 17.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है जबकि कारोबार, होटल, रेस्टारेंट व अन्य छोटे उद्योगों के मामले में 37.9 की बढ़ोतरी हुई है। समूचे बुंदेलखंड में आने वाले झांसी समेत सात जिलों की सर्वाधिक 31 प्रतिशत वृद्धि इसी तरह के कारोबार होटल व अन्य मदों में हुई है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में 16.3% बढ़ोतरी हुई है। बुंदेलखंड में कुछ समय से नए उद्योग लग रहे हैं और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के निर्माण से कारोबारी गतिविधियां बढ़ी हैं। डिफेंस कारिडोर के तहत रक्षा उद्योग संबंधी गतिविधियां बढ़ने से सकारात्मक असर दिखा है। फार्मा, सोलर, रक्षा, खाद्य प्रसंस्करण समेत कई सेक्टर में यहां उद्योगों के लिए जमीन की खरीद फरोख्त बढ़ी है। यहां प्रति व्यक्ति आय 93149 रुपये है। जो राज्य के पूर्वी व मध्य यूपी से भी ज्यादा है।

यूपी की प्रति व्यक्ति आय 83636 है।

यूपी की वार्षिक वृद्धि दर 14.3 प्रतिशत है। इसका देश की जीडीपी में योगदान 8.29 प्रतिशत है।

यूपी की जीडीपी 22 लाख 58 हजार करोड़ है जबकि पिछली बार 19 लाख 75 हजार 595 करोड़ रुपये थी



## जीडीपी की स्थिति

